7 JULY- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 7/7/2024 9:25 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


एक वृक्ष मां के नाम थीम पर पौधरोपण 4



## खबर संक्षेप

### बजरंग दल नेता की मौत जांच करने पहुंची एसआईटी

**अम्बिकापुर।** बजरंग दल के नेता व युवती की संदिग्ध मौत के मामले में एसआईटी की टीम ने अपनी जांच शुरू कर दी है। कमांडेंट राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एसआईटी की टीम शुक्रवार की देर शाम बलरामपुर पहुंच गई थी और लोगों से पूछताछ की। इसके साथ ही टीम ने आज घटना स्थल का निरीक्षण कर वस्तु स्थित का जायजा लिया। बजरंग दल के नेता की मौत के मामले में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश के गृह मंत्री से एसआईटी जांच की मांग की थी। बता दें कि बलरामपुर जिला मुख्यालय से तीन किमी दूर डूमरखी जंगल में बजरंग दल के जिला सह संयोजक सुजीत सोनी व युवती किरण काशी की लाश 27 मई को बरामद की गई थी।

### कोसम फल बिक्री के लिए आया बाजार में



**बैकुण्ठपुर।** वर्तमान सीजन में जिले के जंगलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पाए जाने वाला कोसम फल रविवार को शहर के बाजार में बिक्री के लिए लाया गया। हल्के खट्टे स्वाद वाला कोसम फल इन दिनों पेड़ों पर लदे हुए हैं। कोसम का फल शहर के बाजार में कभी-कभार ही कोई ग्रामीण विक्रय के लिए लाते हैं।

### डोमनी नाला में मिला ग्रामीण का शव

**सीतापुर।** शनिवार को डोमनी नाला में ग्रामीण का शव मिला है। ग्रामीण घर से निकला था लेकिन अगले दिन उसका शव बरामद किया गया। विकासखंड अंतर्गत ग्राम नवापारा एरंड निवासी 50 वर्षीय समुन्दर राम नागवंशी शुक्रवार की शाम मवेशियों को गौठान में बांधने के बाद घर से किसी काम से निकला था लेकिन रातभर वह वापस घर नहीं लौटा। ग्रामीण के परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। इस बीच शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने डोमनी नाला में ग्रामीण का शव देखकर इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शिनाख्त के दौरान मृतक की पहचान समुन्दर राम नागवंशी के रूप में की है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है।

### चेन लूटने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** एक वर्ष पूर्व युवक से मारपीट कर नगद व चांदी की चेन लूटने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस में गिरफ्तार किया है। एसपी द्वारा आरोपी पर 5 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी। पुलिस ने आरोपी के पास से डंडा, पेचकस व 200 रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केना बांध निवासी 24 वर्षीय अंकित मिश्रा 21 जुलाई 2023 को अपने दोस्त के साथ गर्ल्स कॉलेज गेट की ओर से जा रहा था। इस दौरान कॉलेज गेट पर राहुल जायसवाल अपने साथियों के साथ पहुंच गया और वाहन नहीं चलाने आने की बात करते हुए उसके साथ डंडा और पेचकस से मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने अंकित मिश्रा के पास मौजूद 500 रुपए व गले मे पहने हुए चांदी के चेन को लूट लिया था। एक साल से फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा 5 हजार रुपए के नगद इनाम की घोषणा की गई थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बाबूपारा अटल आवास निवासी 22 वर्षीय राहुल जायसवाल को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया।



## शहर में रथ खींचने श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, गूंजते रहे जयकारे

# भगवान जगन्नाथ की धूमधाम से निकली रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर समेत कोयलांचल नगरी चिरमिरी में 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिला मुख्यालय में शाम करीब 5 बजे प्रेमाबाग मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई, जो प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए वापस पहुंची, इस दौरान महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने जयकारें भी लगाए। प्रेमाबाग शिव मंदिर प्रांगण से भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी की रथ यात्रा परंपरागत तरीक से उत्साहपूर्वक निकली।

देवरहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने बताया कि प्रेमाबाग परिसर से भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा का आयोजन बीते 24 वर्षो से लगातार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि, हिन्दु धर्म में जगरन्नाथ रथयात्रा का विशेष महत्व होता है। हिन्दु पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष आषाढ़ माह में पढ़ने वाली शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को जगन्नाथ रथयात्रा देशभर में निकाली जाती है। इस रथयात्रा का विशाल आयोजन उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होता है। इस वर्ष यह रथयात्रा रविवार से शुरू हुई, जो देवशयनी एकादशी के दिन समाप्त होगी। भगवान जगरन्नाथ के रथयात्रा में उनके भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा भी शामिल होती है। शहर में निकाली गई रथयात्रा के दौरान बलभद्र के रथ को सबसे आगे, सुभद्रा के रथ को बीच में एवं भगवान जगरन्नाथ के रथ को पीछे रखा जाता है। हिन्दु मान्यता और पुरोहितों के अनुसार ऐसा माना जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक बार जगरन्नाथ मंदिर दर्शन के लिए अवश्य जाना चाहिए।



विराजे भगवान जगन्नाथ।



रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### चिरमिरी में है मंदिर

छग में भगवान जगन्नाथ मंदिर की श्रृंखला में विशेष महत्व रखने वाले चिरमिरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से प्रतिवर्ष की भॉंति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की भव्य यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल होने के लिए कोरिया-एमसीबी ही नहीं बल्कि अन्य जिलों के साथ-निकटवर्ती मध्यप्रदेश के लोग आते हैं।

## चिरमिरी जगन्नाथ मंदिर से निकली रथयात्रा

**डोमनहिल।** रविवार को जगन्नाथ मंदिर से धूमधाम से रथयात्रा निकाली गई, जहां काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचे और रथयात्रा में शामिल हुए। चिरमिरी में पूरी की तर्ज पर निर्मित जगन्नाथ मंदिर से रविवार की दोपहर बाद जगन्नाथ मंदिर के महंत पुरूषोत्तम जी महाराज के सानिध्य में धूमधाम से रथयात्रा निकाली गई। इस दौरान रथ को आकर्षक तरीके से सजाकर कर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को बिठाया गया। महाप्रभु जगन्नाथ की रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा पड़ा।

■ रथयात्रा में शामिल स्वास्थ्य मंत्री

9 दिनों के लिए मौसी के घर जाते हैं भगवान-

मंदिर समिति ने बताया कि भगवान जगन्नाथ अपने कपाट से निकलकर अपनी मौसी के घर जाते हैं, फिर मौसी मां (गुण्डिचा) के घर 9 दिनों तक रहते हैं। गुण्डिचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व शुभद्रा आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तक रूकते हैं, इसी मान्यता के अनुसार यह रथयात्रा निकाली गई। हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि से शुरू होकर आषाढ़ शुक्ल पक्ष की दशमी तक चलती है। इस तरह से पिछले 35 वर्षो से चिरमिरी में रथयात्रा निकाली जा रही है। विदित हो कि चिरमिरी केपोंड़ी में भगवान जगन्नाथ का भव्य मंदिर है। यहां प्रतिवर्ष रथयात्रा के मौके पर शोभायात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी रथयात्रा में विशाल रथ में भगवान की मूर्ति विराजित कर पूजा-अर्चना की गई, इसके बाद परंपरागत ढंग से रथयात्रा का शुभारंभ किया गया।



## रथयात्रा देखने लोगों की लगी रही भीड़

**बिजुरी।** भगवान श्री जगन्नाथ की विशाल रथयात्रा 7 जुलाई को शहर में पहली बार श्रद्धालुओं एवं समाज सेवियों के सहयोग से निकाली गई। रथयात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। इस दौरान रथयात्रा को देखने के लिए लोगों की भीड़ जगह-जगह जुटी रही। शहर के लोगों ने बड़े उत्साह से स्वागत किया। इस दौरान शहर के मुख्य चौक हनुमान मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी को रथ में विराजमान कराते समय उनके मार्ग की सफाई का जिम्मा नगर पालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका की टीम ने निभाया। शहर में पहली बार निकाली गई भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ अपने आप में बेहद खास रहा। इस दौरान नगर का उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिला।



# बारिश से सीसी सड़क की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात के दौरान जिले के कई क्षेत्रों में स्थित कच्ची सड़कों का हाल तो खराब हो ही जाती है, लेकिन कई क्षेत्रों में सीसी सड़क भी जर्जर हो गई है। इसमें आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार निर्माण एजेंसी द्वारा सीसी सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखे जाने के कारण कुछ साल बाद ही सीसी सड़क की हालत खराब हो जाती है।

■ राहगीर हो रहे परेशान

इसी तरह का हाल शहर के चेर से लगे झुमका की ओर जाने वाली सीसी मार्ग का है। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के चेर से झुमका बांध एवं आस्था का केन्द्र रमदईया धाम जाने के लिए बनाई गई सीसी सड़क काफी दिनों से जर्जर हो गई है, जिसका सुधार कार्य समय पर नहीं होने के कारण लोगों को जर्जर सीसी सड़क से होकर जाने की मजबूरी बनी हुई है। जानकारी के अनुसार चेर से झुमका की ओर जाने के लिए मुख्यमार्ग से कुछ दूरी तक डामरीकृत सड़क है जो फिलहाल अच्छी स्थिति में है, लेकिन बीच में पड़ने वाले नाले के पास से सीसी सड़क का निर्माण पूर्व में कराया गया था जो बीते कई माह से जर्जर हो गया। सीसी सड़क का उपरी परत निकल जाने से गिट्टी बाहर आ गई है, इसके अलावा सीसी सड़क पर कई जगहों पर गड्ढ़ा हो गया है, इसके कारण रमदईयाधाम एवं झुमका बांध की ओर जाने वाले लोगों को जर्जर सड़क पर हिचकोले खाते हुए चलना पड़ता है। समय रहते जर्जर होती जा रही सीसी सड़क का सुधार कार्य नहीं किया जाता है तो आने वाले समय में सीसी सड़क और भी जर्जर होती चली जाएगी।





खराब सड़क।

### मेको पहुंच मार्ग पर बन गए जानलेवा गड्ढे

सलका मुख्य मार्ग से ग्राम मेको जाने वाली मार्ग मुख्य मार्ग के पास से खराब हो गई है। डामरीकृत सड़क पर जानलेवा गड्ढे हो गए, जिसमें इन दिनों पानी भरा हुआ है। ग्राम मेको की ओर जाने वाली पक्की सड़क पर सलका मुख्य मार्ग के पास से ही जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं, इसके अलावा आगे कुछ दूरी तक भी सड़क पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं, इससे लोगों आवागन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर वाहन चालको को सावधानी से वाहन चलाना पड़ता है अन्यथा लापरवाही से वाहन चलाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।



माता राजमोहिनी देवी की जयंती में शामिल लोग।

# नशा छोड़ने वाले ग्रामीण सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

श्रद्धा महिला मंच सिरौली विकासखंड मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी द्वारा माता राजमोहिनी देवी की जयंती को मद्य निषेध दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमेश्वर सिंह और कार्यक्रम अध्यक्ष सिरौली के सरपंच अमोल सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि शरण सिंह ,भागीरथी सिंह, पुष्कर तिवारी रहे। मुख्य अतिथि परमेश्वर सिंह ने बताया कि पद्मश्री मातादी राजमोहनी जन्म 7 जुलाई 1914 को तत्कालीन सरगुजा जिले के शारदापुर (प्रतापपुर) गांव में हुआ था। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों, कुरीतियों के रूप में नशापान को समूल नष्ट करने जन समुदाय को प्रेरित कर त्यागने का आह्वान किया। उनके आह्वान पर हजारों लाखों ने मांस मदिरा का परित्याग कर उनसे दीक्षा लेकर उनके अनुयायी बन गए। आज उनके विचारों को, संदेशों को अनुकरण करने की आवश्यकता है और इस सिरौली गांव को शराब मुक्त पंचायत बनाना है।

सभा को भागीरथी सिंह, शरण सिंह, सरपंच अमोल सिंह और पुष्कर तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में नशा त्याग करने वाले रतन सिंह,लालमन सिंह ग्राम नौगई एवं शराब बनाना बंद करने वाले श्रीमती चरकी बाई श्रीमती प्रेमवती ग्राम सिरौली को श्रद्धा महिला मंच के अध्यक्ष एवं साथी तथा अतिथियों के द्वारा शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ तथा भगवान भोलेनाथ की मूर्ति देखकर सम्मानित किया गया।

माता राजमोहिनी की स्मृति में स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात मद्य निषेध रैली गांव में निकालकर आम जन मानस से सहयोग का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कौशिल्या सिंह एवं आभार प्रदर्शन श्रद्धा महिला मंच अध्यक्ष श्रीमती जुलेखा द्वारा किया गया।

### पिकअप चोरी, आरोपी युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पिकअप वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी का वाहन भी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली है। पुलिस के अनुसार झारखण्ड पलामू नवाबाजार इटको निवासी बंसत सिंह ने अपने चालक मेहराब पिकअप क्रमांक जेएच 03 एएन 4112 को सब्जी लोड करने के लिए 3 जुलाई को सरगुजा भेजा था। सब्जी लोड नहीं होने के कारण 4 जुलाई को चालक मेहरबा अंसारी पिकअप को चांदनी चौक के समीप खड़ा कर खाना खाने चला गया था। जब वह वापस लौटा तो उसका पिकअप गायब था। ऐसे में वाहन मालिक द्वारा पुलिस को मामले की शिकायत गई थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस केदारपुर भट्ठी रोड निवासी 35 वर्षीय राकेश कुमार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से चोरी का पिकअप बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी दो पहिया वाहन की चोरी के मामले में जेल जा चुका है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सतीश उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# आवारा मवेशियों से नहीं मिल रही निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण करने के कारण लोगों को हमेशा ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह समस्या शहर की पुरानी समस्याओं में से एक है, इसके निदान के लिए अब तक ठोस पहल नहीं की गई है।

हाल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने शहर की सड़कों को पशुओं से मुक्त करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम बनाया है, जो सड़कों में विचरण करने वाले पशुओं को हटाने की दिशा में कार्य करेंगे, इसके बावजूद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पशुओं के विचरण के कारण लोगों की परेशानी बनी हुई है। शनिवार को शाम ढलने के बाद शहर के फव्वारा चौक के पास सड़क पर कई मवेशी बैठकर आराम करते रहे और देर तक उक्त स्थल पर मवेशियों का जमावाड़ा रहा। इसी तरह इस दिन शाम ढलने के बाद रात्रि में पुराने बस स्टैंड परिसर में भी कई आवारा पशु विचरण करते रहे, वहीं कुछ बैठे नजर आए। इस तरह की समस्या से शहर के लोगों को रोज दो-चार होना पड़ता है। मुख्य मार्ग पर आवारा पशुओं के कारण दुघर्टना की संभावना भी बनी रहती है, कई बार सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं के कारण दुर्घटना भी घटित हो चुकी है, वहीं दुर्घटना में लोगों के साथ पशु भी घायल हो जाते हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विचरण करने वाले पशुओं को सड़क से मुक्त करने के लिए नपा द्वारा भले ही टीम गठित कर दी गई है, लेकिन शहर के सभी क्षेत्रों से पशुओं को मुक्त करने की दिशा में कवायद असफल ही रही है।



### मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गो पर परेशानी

शहर के मुख्य मार्ग के अलावा कई अन्य क्षेत्रों के मार्गो पर आवारा पशु परेशानी बने हुए हैं। मुख्य मार्ग के अलावा चिरमिरी मार्ग, पैलेस मार्ग, गौरव पथ सहित कई अन्य क्षेत्रों के मार्ग पर आवारा पशुओं को देखा जा सकता है , वहीं शाम ढलने के बाद भी कई क्षेत्रों की सड़कों पर तो सड़क पर ही मवेशी अपना डेरा जमा लेते हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को होती है, साथ ही सड़क पर खडे या बैठे मवेशियों के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और बीच-बीच में दुर्घटना होती भी रहती है। ऐसे में शहर के सभी क्षेत्रों की सड़कों को पशुओं से मुक्त करने की जरूरत है।

### मिनी स्टेडियम बना गौ शाला

शहर स्थित रामानुज मिनी स्टेडियम को गौ शाला बना दिया गया है। यहां रात्रि में सड़क पर विचरण करने वाले मवेशियों को लाकर नपा के कर्मचारी मिनी स्टेडियम में भर देते हैं, इसके कारण मवेशी स्टेडियम में ही गोबर कर देते हैं, इससे सुबह के समय दौड़ लगाने वाले व खेलकूद करने वालों को गोबर के चलते परेशानियों होती है। जानकारी के अनुसार मिनी स्टेडियम में बहुत पहले से ही मवेशियों को लाकर रात्रि में डाल दिया जाता है।

## 500 रुपए में नहीं भर रहा थैला, लोकल सब्जियों की आवक नहीं

# बारिश के मौसम में सब्जियों ने बिगाड़ा घर का बजट, आसमान छू रहे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वर्तमान समय में लोकल स्तर से शहर के बाजार में पहुंचने वाले सब्जियों की आवक कम होने के कारण मांग अनुरूप पूर्ति नहीं होने के कारण बाहर से सब्जियों की आवक हो रही है, जिसके कारण वर्तमान में विभिन्न तरह के सब्जियों के दाम आसमान छुने लगे हैं,इसके कारण खाने का स्वाद तो बिगड़ा ही घर का बजट भी बिगड़ गया है। जिन सब्जियों को पहले पर्याप्त मात्रा में लोगों द्वारा खरीदी की जा रही थी, उसे अब सीमित मात्रा पाव में खरीदी कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वर्तमान में स्थानीय सब्जी बाजार में लगभग सब्जियां 50 से अधिक कीमत पर बिक्री की जा रही है ,इसके चलते लोगों के घर का बजट सब्जियों के आसमान छूते भाव ने बिगाड़ रखे हैं। इस सीजन में स्थानीय स्तर से विभिन्न तरह के सब्जियों की आवक कम हो गई है और बाजार में मांग अधिक रहने एवं आपूर्ति कम होने के कारण बाहर से सब्जियों की आवक हो रही है, इसके कारण विभिन्न तरह के सब्जियों के दाम इस समय बढ़े हुए हैं। वहीं स्थानीय स्तर पर पूर्व में लगाई गई सब्जियां कम हो गई है। अब फिर से सब्जियां लगाई जा रही है, जो एक माह के बाद ही तैयार होकर बाजार में आएंगे, इसके चलते वर्तमान में मांग की पूर्ति के लिए बाहर से सब्जियां मंगाई जा रही है, इसके कारण विभिन्न तरह के सब्जियों के दामो में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है।




### टमाटर 60 रूपए किलो बिक रहा

बरसात की शुरूआत होने के साथ ही टमाटर लगातार सुर्ख होने लगा और अब और भी ज्यादा लाल हो गया है। वर्तमान में स्थानीय सब्जी बाजार में टमाटर शतक का आंकड़ा छूने को तैयार हो, जिस तरह से टमाटर का भाव लगातार बढ़ रहा है। टमाटर का उपयोग सलाद के रूप में तो किया ही जाता है,इसके अलावा सभी प्रकार के सब्जियों में टमाटर डालने से स्वाद बदल जाता है ऐसे में टमाटर की लगातार बढ़ती कीमत सब्जियों का स्वाद बिगाड़ रहा है।

### अब पुटू 400 रूपए किलो

वर्तमान में सबसे महंगे सब्जियों में बरसात के सीजन में प्रमुखता से पाए जाने वाला पुटू बना हुआ है। स्थानीय बाजार में शनिवार को पुटू 100 रूपए पाव यानी 400 रूपए प्रति किलों की दर से विक्रय किया जा रहा है, जबकि एक सप्ताह पूर्व जब पहली आवक पुटू की हुई थी, तब पुटू 300 रूपए पाव यानी 1200 रूपए प्रति किलों की दर से बिक्री की हुई थी, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों से आवक बढ़ने के साथ ही तेजी से पुटू के भाव में गिरावट हो रही है।

### ज्यादातर सब्जियों के भाव 50 पार

सब्जियों में लगातार बढ़ रही महंगाई का आलम यह है कि वर्तमान में स्थानीय सब्जी बाजार में ज्यादातर सब्जियों के दाम 50 पार हो गए हैं, ऐसे में आम आदमी की पहुंच से हरी सब्जियां दूर होते जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर के सब्जी बाजार में डोड़का 60 रूपए प्रति किलो, पत्त गोभी 60 रूपए, भिण्डी 60 रूपए, परवल 60 रूपए, बैगन 50 रूपए, करेला 60 रूपए प्रति किलो की दर से विक्रय की जा रही है। वहीं प्याज का भाव भी 50 रूपए प्रति किलो है। आलू भी 40-50 रूपए किलो की दर से विक्रय किया जा रहा है। ऐसे में लोगों के थाली से सब्जी की मात्रा कम होने के साथ ही स्वाद भी बिगड़ गया है।




## खबर संक्षेप



### भवरमाल स्कूल परिसर में किया गया पौधरोपण

**रामानुजगंज।** भवरमाल माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन गांव के नेपाल सिंह, संतोष यादव, संजीत गुप्ता चुन्नू, पंकज गुप्ता, संकुल प्राचार्य रविंद्र गुप्ता, व्याख्याता जय कुमार चौबे के उपस्थिति में किया गया जहां पौधरोपण के साथ-साथ पौधे के रक्षा का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नेपाल सिंह एवं संजीत चुन्नू ने कहा हम सबको अधिक से अधिक पेड़ को लगाने एवं उसकी रक्षा के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। जिस प्रकार से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है इसे रोकने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने की आवश्यकता है ताकि वातावरण में संतुलन बना रहे। व्याख्याता जय कुमार चौबे ने पर्यावरण संतुलन हेतु पौधों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल के शिक्षक वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष स्कूल में पौधारोपण किया जाता है पौधरोपण के साथ हम सब पौधों की देखभाल करते हैं जिस कारण आज स्कूल में जो पौधे पहले लगाए गए थे वह अब बड़े हो गए हैं। इस दौरान प्रधान पाठिका मीरा प्रजापति, शिक्षक वीरेंद्र तिवारी, चंद्रमणि राठिया, दिलासी लकड़ा, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सुनीता गुप्ता, ज्योति गुप्ता रजनी बाई, साधना विश्वास सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्कूल में पीपल, बरगद, शीशम, सागौन, अशोक, नीम, जामुन आदि के पौधे लगाए गए।

### साहित्यकार अजय को मिली अब्ज की उपाधि

**अम्बिकापुर।** संत हरकेवल महाविद्यालय में आयोजित स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्राकट्य महोत्सव एवं उपाधि वितरण समारोह में साहित्यकार एवं राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी को अब्ज उपाधि से नवाजा गया। श्री चतुर्वेदी ने इतिहास, पुरातत्व, साहित्य, लोक संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, विलुप्त होते लोक वादों व श्री राम वन गमन परिपथ पर शोध किया है। उनके असाधारण कार्यों के लिए अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल एवं एसजीजीयू के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने उन्हें उपाधि प्रदान की। विहिप के आलोक दुबे, भगवान दास बंसल, अरविंद मिश्रा, अंजन सिंह उपस्थित थे।

### प्रशासनिक समिति करे अधिवक्ता संघ के दायित्वों का क्रियान्वयन

**अम्बिकापुर।** राज्य विधिज्ञ परिषद् के सचिव अमित कुमार वर्मा ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को ज्ञापन प्रेषित कर जिला अधिवक्ता संघ के दायित्वों का क्रियान्वयन प्रशासनिक समिति के माध्यम से कराने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राज्य विधिज्ञ परिषद् ने सितम्बर 2023 को जिला अधिवक्ता संघ से संघ के क्रियाकलापों का संचालन किये जाने हेतु प्रशासनिक आदेश पारित किया है। जिसे किसी भी न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय द्वारा स्थगित नहीं किया गया है। विधिज्ञ परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव वर्तमान में प्रभावशील है। राज्य विधिज्ञ परिषद प्रदेश के समस्त अधिवक्ता संघ की मातृ संस्था है जो मान्यता अधिनियम 2009 एडवोकेट एक्ट के तहत पालन, दिशा निर्देश सुनिश्चित कर उसका क्रियान्वयन करती है।

### पिकअप चोरी, आरोपी युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पिकअप वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी का वाहन भी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली है। कोतवाली पुलिस के अनुसार झारखण्ड पलामू नवाबाजार



इटको निवासी बंसत सिंह ने अपने चालक मेहराब पिकअप क्रमांक जेएच 03 एएन 4112 को सब्जी लोड करने के लिए 3 जुलाई को सरगुजा भेजा था। सब्जी लोड नहीं होने के कारण 4 जुलाई को चालक मेहरबा अंसारी पिकअप को चांदनी चौक के समीप खड़ा कर खाना खाने चला गया था। जब वह वापस लौटा तो उसका पिकअप गायब था। ऐसे में वाहन मालिक द्वारा पुलिस को मामले की शिकायत गई थी। शिकायत के बाद पुलिस मामले की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार केदारपुर भट्ठी रोड निवासी 35 वर्षीय राकेश कुमार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से चोरी का पिकअप बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी दो पहिया वाहन की चोरी के मामले में जेल जा चुका है और हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सतीश उपाध्याय, आरक्षक विवेक राय, सत्येंद्र दुबे, अमित विश्वकर्मा, विकास सिंह, राहुल सिंह शामिल रहे।

### डोमनी नाला में मिला ग्रामीण का शव

**सीतापुर।** शनिवार को डोमनी नाला में ग्रामीण का शव मिला है। ग्रामीण घर से निकला था लेकिन अगले दिन उसका शव बरामद किया गया। विकासखंड अंतर्गत ग्राम नवापारा एरंड निवासी 50 वर्षीय समुन्दर राम नागवंशी शुक्रवार की शाम मवेशियों को गौठान में बांधने के बाद घर से किसी काम से निकला था लेकिन रातभर वह वापस घर नहीं लौटा। ग्रामीण के परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। इस बीच शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने डोमनी नाला में ग्रामीण का शव देखकर इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शिनाख्त के दौरान मृतक की पहचान समुन्दर राम नागवंशी के रूप में की है।

## वित्त व प्रभारी मंत्री ओपी ने जताई नाराजगी, लापरवाही पर दिए कार्रवाई के निर्देश

# पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी करने वालों पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने मैनपाट व जिलेभर में पीएम आवास में चल रही गड़बड़ियों को लेकर खा सी नाराजगी व्यक्त की है। मंत्री श्री चौधरी ने बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए।

**खास बात**

- कहा-10 बड़े प्रोजेक्ट बनाकर करें काम जिससे बने जिले की पहचान

मंत्री श्री चौधरी शुक्रवार की देर शाम जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। यह बैठक देर रात तक जारी रही। इस दौरान मंत्री ने पीएम आवास को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। इस बैठक में सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, राम कुमार टोप्पो शामिल हुए।

बता दें कि शुक्रवार को प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी पहली बार सरगुजा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि सरगुजा के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन समन्वय बनाकर काम करें। कलेक्टर जिले में ऐसे 10 प्रोजेक्ट का चिन्हांकन करें जिससे सरगुजा की पहचान बन सकें और आम जनता को लम्बे समय तक इसका लाभ मिलता रहे। अधिकारी शिक्षा, खेल, पर्यावरण सौंदर्यीकरण, सड़क, शहरी विकास, रोजगार आदि से जुड़े बड़े प्रोजक्ट का चिन्हांकन करें और डीएमएफ, सीएसआर जैसे मदों के सहयोग से तैयार करने की कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण कराए। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि तहत गांव में सघन अभियान चलाकर पंजीयन कराएं और ज्यादा से ज्यादा किसानो को योजना का लाभ दिलाएं। आगामी 1 माह में अभियान चलाकर शत प्रतिशत वनाधिकार पत्र धारी किसानों को पीएम किसान निधि योजना से जोड़ें। जिले में उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि समितियों में उर्वरक की कमी ना हो, साथ ही किसी भी स्थिति में उर्वरक की कालाबाजारी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिले में पर्याप्त मात्रा में बीजों का भी भंडारण रहे और वितरण समय पर हो।

प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी ली और कलेक्टर को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाने और गुणवत्ता हेतु जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एसडीओ, सब इंजीनियर और ठेकेदारों की बैठक लें और समीक्षा करें। इस दौरान एसपी योगेश पटेल, डीएफओ तेजस शेखर, सीईओ जिपं नूतन कंवर सहित अपर कलेक्टर एएल ध्रुव व अन्य अधिकारी मौजूद थे।



बैठक को संबोधित करते प्रभारी मंत्री।

### अतिक्रमण करने वालों पर करें कार्रवाई

बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री चौधरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्व विभाग निष्ठा से काम करे। कार्य के प्रति लापरवाही पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। मैनपाट में भूमि संबंधी मामलों पर उन्होंने कलेक्टर के मार्गदर्शन में एसडीएम को उचित कार्रवाई कर अतिक्रमित और फर्जी तरीके से काबिज शासकीय भूमि के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन की कार्यवाही जारी है और अब तक 318 एकड़ भूमि शासकीय मद में पुनः दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने इसी तरह कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को वृक्षों की अवैध कटाई को रोकने और नवीन वृक्षारोपण को सफल बनाने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

### मेडिकल कॉलेज को जल्द मिलेगी राशि

वित्त मंत्री ने राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल भवन निर्माण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मेडिकल कॉलेज के लंबित निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण कराने के संबंध में उन्होंने कहा कि आम जन की सुविधा के लिए शासन प्रतिबद्ध है। शीघ्र ही आवश्यक बजट की राशि जिले को मिलेगी, इस हेतु प्रयास जारी है। वित्त मंत्री ने स्कूल जतन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूल जतन योजना के तहत पूर्ण किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए। सैनिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का प्रयास किया जाए इसके साथ ही व्यावसायिक शिक्षा को भी जिले में बढ़ावा दिया जाए। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लंबित कार्यों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ण किया जाए।

### पीएम जनमन के तहत 189 किमी सड़क का निर्माण

बैठक के दौरान मंत्री श्री चौधरी ने पीएम जनमन योजना के कार्यों पर संतुष्टि जाहिर की। इस दौरान पीवीटीजी बसाहटों में कनेक्टिविटी को लेकर अधिकारियों ने बताया कि पपीवीटीजी बसाहटों में प्रथम चरण में कुल 189 किमी लंबाई की 51 सड़कों का निर्माण किया जाना है। द्वितीय चरण में 31 सड़कों हेतु सर्वे किया गया है जिससे पीवीटीजी बसाहटों में आवागमन सहज हो सके। इसी तरह बैठक में प्रभारी मंत्री ने एनएच अधिकारी से जिले में महत्वपूर्ण बायपास रोड निर्माण के प्रस्ताव पर जानकारी ली।

## एसईसीएल के अफसर का आवास में फांसी पर लटकता मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के आरजीके सहक्षेत्र परियोजना कार्यालय में पदस्थ मुख्य प्रबंधक कार्मिक वेद प्रकाश पिता लक्ष्मीकांत 57 वर्ष ने गत 5 जुलाई दिन शुक्रवार को अपने सरकारी आवास 2 सी 7 में अज्ञात कारणों से फांसी लगा खुदकुशी कर ली।

- एक वर्ष पूर्व ही जमुना कोतमा खदान से रेहर गायत्री खदान में हुआ था स्थानांतरण
- कम्पनी आवास में अकेले ही रहते थे ,पत्नी व दो बच्चे बैंगलोर में रहते हैं

बताया गया कि वेद प्रकाश अभी करीब एक वर्ष पूर्व ही जमुना कोतमा कॉलरी से तबादला के बाद बिश्रामपुर क्षेत्र आए थे। वह यहां कम्पनी आवास में अकेले ही रहते थे ,उनकी पत्नी व बच्चे बैंगलुरू में रहते हैं। जानकारी के अनुसार कल वेद प्रकाश खदान ड्यूटी पर भी नहीं गए थे। उनके आवास में टिफिन पहुंचाने वाला व्यक्ति कल शाम सात बजे उनके आवास आया था ,कमरा भीतर से बंद होने वह बेल बजाई और लगातार आवाज देने के बाद अंदर से कोई जवाब नहीं आने की स्थिति में टिफिन देने आए युवक



ने कोल अधिकारी की पत्नी को फ़ोन कर घटनाक्रम की जानकारी दी। बाद में युवक ने कॉलोनी के पड़ोसियों को भी मामले से अवगत कराया,इस दौरान वहाँ से गुजर रहे कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण को भी मामले से अवगत कराया गया, तब उन्होंने क्वार्टर की खिड़की से रूम में झांका तो पाया कि अधिकारी दरवाजे के ऊपर लगे ग्रिल में गमछा के सहारे फांसी पर लटके हुए हैं।

मामले की सूचना स्थानीय अधिकारियों ने बिश्रामपुर पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा खोलते हुए शव के पंचनामा प्रक्रिया के बाद शव को परिजनों के यहाँ पहुँचने तक केंद्रीय अस्पताल के मरचूरी के सुरक्षित रखवाया है ,आत्महत्या करने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है,देर शाम तक परिजनों के पहुंचने के बाद रविवार को पीएम कराए जाने की जानकारी है।प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक वेदप्रकाश मूलतः यूपी बलिया के रहने वाले हैं ,बैंगलोर में भी उनका घर है पत्नी व उनके एक पुत्र एवं पुत्री बैंगलोर में रहते हैं।

## शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

**मनेन्द्रगढ़ ।** आत्मानंद परिसर के सामने उत्साहपूर्ण वातावरण में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेणुका सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया ने की। जिला स्तरीय आयोजन का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

## कलेक्टर से मिला पत्रकार संघ, मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग

**सूरजपुर।** गुरुवार को एसडीएम द्वारा कोतवाली परिसर में दो कांग्रेसियों की पिटाई का वीडियो बना रहे एक पत्रकार का मोबाइल छीनकर हाथापाई किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में सीएम के बयान के बाद शनिवार को पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिस पर कलेक्टर ने बताया कि एडिशनल कलेक्टर को मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए है। वे मामले को लेकर गंभीर है।



तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने भी कहा था कि मामला उनके संज्ञान में है और मामले की जांच कराई जा रही है। बता दें कि गुरुवार को पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य मे गड़बड़ी को लेकर जिला संयुक्त कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों के प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के लिए कोतवाली थाने में बुलाकर एसडीएम द्वारा अभद्रता करते हुए मारपीट की गई। वहीं घटना का वीडियो बना रहे एक पत्रकार से पिटाई करने पर भड़के कांग्रेसियों समेत लोगों ने कोतवाली का घेराव कर चक्काजाम कर दिया था। आक्रोशित भीड़ ने एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पत्रकार के साथ घटित घटना से नाराज पत्रकार संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को कलेक्टर रोहित व्यास से मुलाकात की और घटना की निंदा करते हुए उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही एसडीएम के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर निलंबित करने की मांग की। कलेक्टर ने पत्रकारों को बताया कि मामले में एडिशनल कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इधर शुक्रवार को भी जशपुर प्रवास पर रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी जब घटना के संबध में सवाल किया तो उन्होंने कहा था कि मामला उनके संज्ञान में है और मामले की जांच कराई जा रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नरेंद्र जैन, सुनील अग्रवाल, प्रवेश गोयल, अजय गुप्ता, अनवर खान, चंचलेश श्रीवास्तव, नितेश गुप्ता, इमाम हसन, नौशाद अहमद, दिलशाद अहमद, अंकित सोनी, जानी खान, समरोज खान, सुभाष गुप्ता, विष्णु कसेरा, रामजी साहू, अख्तर अली, नदीम खान, आमिर अली, आकाश कसेरा, आशीष साहू, नीरज साहू, अफजल सहित अन्य उपस्थित थे।

## छह घंटे से मसगा सोनपुर मुख्य मार्ग बंद, दंतैल के घूमने से दहशत

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में हाथियों के आतंक से लोग परेशान हैं। पिछले 11 दिनों से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के दर्जनों गांव में जंगली हाथी द्वारा फसलों को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सुबह के समय हाथी वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के टुकुडांड सर्किल मसगा जंगल के मुख्य मार्ग पर विचरण कर रहा है। सावधानी के तौर पर मुख्य मार्ग में नाकेबंदी कर दोनों तरफ आम जनों को रोक दिया गया है। जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के टुकुडांड सर्किल वी धरमपुर सर्किल के दो दर्जन से अधिक गांव में लगातार हाथियों की समस्या है। दर्जनों गांव में कई जगहों पर स्कूली क्षेत्र में भी हाथी दिन के समय निकल जाते है जिससे स्कूली बच्चों में दशक का माहौल है। धरमपुर सर्किल के गौरा गांव में दिन के समय स्कूल के पास हाथी पहुंचने से बच्चे भयभीत है और स्कूल जाना छोड़ दिया हैं। इधर हाथी की समस्याओं को लेकर विभाग गंभीर नहीं दिख रही है। वन विभाग के कई आला अधिकारी अपने मुख्यालय पर नहीं रहते हैं और हाथी की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस उपाय नहीं कर रहे हैं जिससे हाथी की समस्या बरकरार है।

## सरगुजा के कारण ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरगुजा के कारण ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है।



उन्होंने कहा कि मैं जब भी अम्बिकापुर आता हूं तो लगता हैं अपने दूसरे घर आया हूं। पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। आप भाग्यशाली हैं जो सरगुजा की सुंदर प्राकृतिक छटाओं के बीच रहते हैं। कांग्रेस के माफिया राज से हमें मुक्ति मिली है। अब छत्तीसगढ़ में विकास की बयार बहाना है। हम सत्ता पक्ष में हैं, अब जवाबदारी हम पर हैं। मिलकर प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना है। महतारी वंदन योजना का पैसा हर महीने बिना किसी रूकावट के महिलाओं के खाते में जा रहा है। सरकार जी जान से जनता की भलाई के लिए काम करने में जुटी हुई है। इस दौरान विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, अनुराग सिंहदेव, अनिल सिंह मेजर, अखिलेश सोनी, भारत सिंह सिसोदिया, हरपाल सिंह भामरा, अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ पैकरा आदि उपस्थित थे।

## चोर को पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोप में पकड़ा

**बिश्रामपुर।** नगर में लगातार एक के बाद एक हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की हो रही किरकिरी के बाद अचानक सक्रिय हुई पुलिस ने जब आदतन चोर के घर पहुंच खोजबीन कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने चोरी की अलग अलग घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार ली है,पकड़ाया गया आदतन चोर सोहागपुर ढपना निवासी है। पुलिस ने बताया कि बिश्रामपुर जेएमक्यू कॉलोनी क्वार्टर नंबर 66 निवासी प्रार्थी आयुष कुमार पिता अभय जो गत 3 जून को अपने सरकारी आवास में ताला बंद कर अपने लकवा ग्रस्त पिता का इलाज कराने अपोलो अस्पताल बिलासपुर गया था ,आठ जून को जब वापस आकर देखा तो पाया कि उसके दरवाजे का ताला टूटा है और घर के भीतर एचपी कंपनी का लैपटॉप व होंडा एक्टिवा स्कूटी गायब है जिसकी रिपोर्ट आयुष ने बिश्रामपुर थाने में उसी दिन दर्ज कराई थी ,इसके अतिरिक्त नगर में हुई कई अन्य चोरियों के आरोपियों की पता तलाश में पुलिस जुटी थी।शंका के आधार व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आदतन चोर सोहागपुर ढपना निवासी भज्जू बसदेवा उर्फ़ लल्लू पिता रामाधार 30 वर्ष की निशानदेही पर एचपी कंपनी का लैपटॉप व स्कूटी बरामद किया है ,आरोपी ने पूछताछ में अम्बिकापुर के रेलवे कॉलोनी में भी गत 19 - 20 मई की दरम्यानी रात चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी है।

- दो अन्य चोरी की घटनाओं का हो गया खुलासा
- जेएमक्यू कॉलोनी निवासी कोलकर्मी के बंद आवास का ताला तोड़कर स्कूटी व लैप टॉप की हुई थी चोरी



## डांड़करवां स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही, बच्चों को बांटे एक्सपायरी मिलेट्स बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले के डांडकरवां स्थित आत्मानंद स्कूल में प्रबंधन न सिर्फ लापरवाही बरती बल्कि एक्सपायरी मिलेट्स बार को स्कूली बच्चों को बांट दिया। जिसकी वैद्यता एक महीना पूर्व खत्म हो गई थी। घटना की जानकारी लगने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी से की है। वहीं परिजन भी स्कूल प्रबंधन की लापरवाही करने पर नाराजगी जाहिर की है।

- मार्च माह में स्कूली बच्चों को वितरण करने पहुंचाया गया था मिलेट्स बार
- अभाविप ने की जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत

अभाविप के विभाग संयोजक अंकुर पटेल ने बताया कि स्कूल में एक्सपायरी मिलेट्स बार को बच्चों में बांट देने की जानकारी लगने पर घटना के बारे विकासखंड शिक्षा अधिकारी पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मिलेट्स बार मार्च महीने में स्कूलों में पहुंचाया गया था और इसे मार्च के महीने में ही बच्चों में बांटकर खत्म करना था। इधर अभाविप सहित अभिभावक स्वामी आत्मानंद स्कूल में पहुंचे और स्कूल प्रबंधन की लापरवाही का जमकर विरोध किया। डांडकरवां नगर मंत्री रवि कुमार गुप्ता और नगर सहमंत्री शनि गुप्ता के सवाल करने पर अधिकारियों ने चुप्पी साध ली जिससे अभिभावक काफी आक्रोश है। अभिभावकों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण ऐसी घटना हुई। बरसात के दिनों में एक्सपायरी समान स्कूलों में देना और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के खाने से उनके स्वास्थ्य पर ही विपरीत असर पड़ सकता है। अभिभावकों ने बताया कि मामला का खुलासा तब हुआ जब बीते दिनों स्वामी आत्मानंद स्कूल में यह मिलेट्स बार बांटी गई। प्रत्येक बच्चे को 10, 5 और 15 पीस दे दिया गया। पहले बच्चों को केवल एक पीस ही दिया जाता था। ऐसे में संदेह होने पर जब देखा की वह एक्सपायरी हो चुका था। स्कूल प्रबंधन ने फेंकने के बजाए मिलेट्स बार को बच्चों में बांट दिया जो बड़ी लापरवाही है। अभिभावकों सहित अभाविप कार्यकर्ताओं ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



बच्चों को दिए गए एक्सपायरी मिलेट्स बार।

**कराई जाएगी जांच**

बच्चों को एक्सपायरी मिलेट्स बार बांटे गए है तो इसकी जांच कराई जाएगी। एक्सपायरी देखकर बच्चों को वितरण करना चाहिए था। स्कूल प्रबंधन पर इस लापरवाही के लिए कड़ी कार्रवाई होगी।
राम ललित पटेल
जिला शिक्षा अधिकारी

## युवक से चेन व नकदी लूटने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** एक वर्ष पूर्व युवक से मारपीट कर नगद व चांदी की चेन लूटने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस में गिरफ्तार किया है। एसपी द्वारा आरोपी पर 5 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी।



- एक साल से चल रहा था फरार, एसपी ने की थी 5 हजार के इनाम की घोषणा

पुलिस ने आरोपी के पास से डंडा, पेचकस व 200 रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केना बांध निवासी 24 वर्षीय अंकित मिश्रा 21 जुलाई 2023 को अपने दोस्त के साथ गर्ल्स कॉलेज गेट की ओर से जा रहा था। इस दौरान कॉलेज गेट पर राहुल जायसवाल अपने साथियों के साथ पहुंच गया और वाहन नहीं चलाने आने की बात करते हुए उसके साथ डंडा और पेचकस से मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने अंकित मिश्रा के पास मौजूद 500 रुपए व गले मे पहने हुए चांदी के चेन को लूट लिया था। इस मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। एक साल से फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा 5 हजार रुपए के नगद इनाम की घोषणा की गई थी।



# राम चरण ने पूरी की 'गेम चेंजर' की शूटिंग

**मुंबई।** कॉलीवुड के मशहूर निर्देशक शंकर और सुपरस्टार राम चरण की अखिल भारतीय राजनीतिक ड्रामा फिल्म 'गेम चेंजर' पर सभी की निगाहें टिकी हैं। निर्माता दिल राजू इस फिल्म को अपने करियर की यादगार परियोजना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, क्योंकि यह उनकी 50वीं प्रोडक्शन फिल्म है। फिल्म की शूटिंग में लगातार राम चरण और टीम व्यस्त थे। अब आखिरकार राम चरण ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं खबर यह भी है कि 'गेम चेंजर' की शूटिंग पूरी करने के बाद अब राम चरण 'उप्पेना' फेम बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म पर फिलहाल अपना ध्यान लगा सकते हैं।

## लाइफ Style

# हिना कैंसर के कारण निकाला बाहर?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिना खान कैंसर से जंग लड़ रही हैं और अब इसका असर उनकी प्रोफेशनल लाइफ पर भी देखने को मिल रहा है। खबर आ रही है कि उन्हें डिज्नी प्लस हॉटस्टार के 'राप्चिक रीटा' से मेकर्स ने रातोंरात रिप्लेस कर दिया है। उनकी जगह किसी और एक्ट्रेस ने ली है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डैमेज्ड' एक्ट्रेस हिना खान को डिज्नी+ हॉटस्टार की अपकमिंग कोर्ट ड्रामा 'रापचिक रीता' में एक वकील का किरदार निभाना था। लेकिन ब्रेस्ट कैंसर के खुलासे के बाद उन्हें रिप्लेस कर दिया है। जानी-मानी एक्ट्रेस को उनकी जगह कास्ट किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज में हिना की जगह 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा को लिया गया है। हालांकि, न तो निर्माताओं और न ही एक्ट्रेस ने अभी तक इस अपडेट की पुष्टि की है। जैसे ही ये खबर सामने आई, हिना खान के फैंस नाराज हो गए। वो डिज्नी प्लस हॉटस्टार और 'रापचिक रीता' के मेकर्स पर नाराजगी जाहिर करने लगे। एक फैन ने ट्विटर (अब एक्स) पर लिखा, 'वो (हिना) कैंसर से जूझ रही हैं, वे उनके ठीक होने का इंतजार नहीं कर सकते? ये बहुत क्रूर है।' दूसरे यूजर ने डिज्नी प्लस हॉटस्टार को टैग करते हुए लिखा, 'शर्म आनी चाहिए!' हिना ने बताया कि लोगों को भले ही उनके शरीर पर निशान दिख रहे हों, लेकिन उनकी आंखों में उम्मीद है। वो इस भयानक बीमारी का डटकर सामना कर रही हैं। फैंस और सिलेब्स भी उनके लिए दुआ मांग रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'सुपरमैन' के सेट से तस्वीरें हुईं लीक

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स गन की नई फिल्म के सेट से तस्वीरें लीक हुई हैं, जिसमें सुपरमैन हथकड़ी में नजर आया। सुपरमैन बने डेविड कोरेनस्वेट को मिलिट्री ने गिरफ्तार किया है और सिटी हॉल ले जा रहे हैं। 'सुपरमैन' के साथ ब्लैक कलर की कॉस्ट्यूम में एक नकाबपोश व्यक्ति भी नजर आ रहा है। जेम्स गन की नई सुपरमैन फिल्म आ रही है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जिसने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। लीक तस्वीरों में एक्टर डेविड कोरेनस्वेट सुपरमैन के रोल में नजर आ रहे हैं।



# एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे बिखेरेंगे अपना जादू...

**मुंबई।** देश के बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी राधिका मर्चेंट से होने जा रही है। 12 जुलाई से 14 जुलाई तक ये कार्यक्रम होगा। जिसमें इंटरनेशनल स्टार के आने की खबर है। बताया जा रहा है कि एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे परफॉर्म कर सकते हैं। पिछले दोनों ही फंक्शन में इंटरनेशनल स्टार्स ने अपनी मौजूदगी से इसकी रौनक बढ़ाई थी। और अब शादी में भी कुछ नामी सितारों को बुलाने का प्लान हो रहा है। देश के अरब-खरबपति मुकेश अंबानी अपने छोटे बेटे अनंत अंबानी के बेटे में शायद हर शौक पूरा करना चाह रहे हैं। दो प्री-वेडिंग सेरेमनी के बाद शादी भी धूमधाम से करने चा रहे हैं। मार्च महीने में तीन दिन जामनगर में तो मई के आखिर तीन दिनों तक क्रूज पर जमकर पार्टी हुई। 12 से 14 जुलाई तक चलने वाले शादी के फंक्शन में ये सिंगर्स परफॉर्मेंस देने के लिए भारत आ सकते हैं।



# मैंने हमेशा गलत पुरुषों को किया डेट...

**मुंबई।** अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपनी अभिनय प्रतिभा के बूते इंडस्ट्री में अलग मुकाम हासिल किया है। नेपाली मूल की मनीषा ने बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में दी हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपने व्यक्तिगत जीवन पर बात करती नजर आईं। इस दौरान मनीषा ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में रिलेशनशिप के मामले में काफी कुछ झेला है। मनीषा ने कहा कि उन्होंने गलत पुरुषों को डेट किया है। 'मैंने इस बात पर गौर किया कि मैं सिर्फ गलत लोगों के प्यार में क्यों पड़ी। मैं सोचती थी कि मैं बार-बार ऐसा क्यों कर रही हूं या फिर मेरे साथ कुछ गड़बड़ है, जो मैं कमरे में सबसे ज्यादा परेशान रहने वाले व्यक्ति की ओर आकर्षित हो रही हूं। मैंने सोचा कि सबसे पहले मुझे इस बात पर काम करना होगा कि मुझे क्या परेशान कर रहा है।



# मल्लिका के साथ काम करना चाहते हैं

**नई दिल्ली।** अभिनेता इमरान हाशमी और अभिनेत्री मल्लिका शेरावत फिल्म 'मर्डर' में साथ नजर आए थे। 2004 में आई इस फिल्म में दोनों के बीच गजब की केमिस्ट्री देखने को मिली थी। लेकिन, हैरानी की बात ये भी है कि इसी फिल्म के दौरान दोनों के बीच भयंकर झगड़ा भी हो गया था। बात इतनी बिगड़ चुकी थी कि उस फिल्म के बाद दोनों फिर किसी फिल्म में साथ नजर नहीं आए। दो दशक बाद इमरान हाशमी ने उस तकरार पर अब जाकर चुप्पी तोड़ी है। इमरान हाशमी ने कहा कि वह मल्लिका के साथ दोबारा साथ काम करना चाहते हैं। अभिनेता ने कहा, 'हमने यह सब एक तरफ रख दिया, बहुत समय पहले की बात है। उसे देखना और मिलना बहुत अच्छा लगा। वह बहुत गर्मजोशी से भरी थीं और मैं भी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 17 के टॉप 5 में पहुंचते पहुंचते रह गई थी ये कंटेस्टेंट...

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' सबसे पॉपुलर सीजन में शामिल हो चुका है, जिसकी ट्रॉफी मुनव्वर फारूकी ने अपने नाम की थीं। लेकिन कुछ ऐसे कंटेस्टेंट थे, जिन्हें फैंस ने खूब सपोर्ट किया था। इनमें अभिषेक कुमार, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, मन्नारा चोपड़ा और ईशा मालवीय जैसे कंटेस्टेंट्स का नाम शामिल है। लेकिन फिनाले में जगह बनाने वाले केवल मन्नारा, अंकिता और अभिषेक ही रह गए थे। इसी बीच एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने खुलासा किया कि उन्हें कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो करने को लेकर पछतावा होता है। इसका कारण बताते हुए उन्होंने बताया कि वह उन स्वार्थी लोगों के साथ रही, जो सिर्फ उनका 'इस्तेमाल' कर रहे थे। इसका उन्हें पछतावा है। ईशा मालवीय ने कहा, 'कई स्वार्थी लोग मेरे जीवन में आए, जो मेरा इस्तेमाल कर रहे थे और मुझे उस समय इसका एहसास तक नहीं हुआ। मुझे इन बातों का पछतावा होता है, लेकिन मुझे 'बिग बॉस' में हिस्सा लेने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे उन लोगों के साथ दोस्ती या रिश्ते बनाने का पछतावा है, जिन्होंने मेरी रिस्पेक्ट नहीं की और न ही मेरी कीमत समझी।' इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह डांस-बेस्ड रियलिटी शो में हिस्सा लेना पसंद करेंगी।

## बिग बॉस होस्ट करना चाहते हैं गश्मीर

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में पिछले कुछ वर्षों में कई प्रमुख हस्तियों ने मेजबानी की है, लेकिन सलमान खान सीजन 4 में कमान संभालने के बाद से प्रशंसकों के पसंदीदा बन गए हैं। उनके आकर्षक अंदाज और करिश्मे ने कई दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल ही में, अभिनेता गश्मीर महाजनी ने बिग बॉस होस्ट करने की इच्छा जाहिर की है। गश्मीर रोमानिया में रोहित शेट्टी की 'खतरों के खिलाड़ी 14' की शूटिंग पूरी करने के बाद भारत लौटे हैं। अभिनेता ने बिग बॉस में अपनी रुचि के बारे में बताया, लेकिन एक प्रतियोगी के रूप में नहीं। इंस्टाग्राम सेशन के दौरान, अभिनेता से एक फैन ने पूछा कि क्या वह रिएलिटी शो के अगले सीजन में शामिल होंगे। सवाल का जवाब देते हुए, गश्मीर ने एक प्रतियोगी के बजाय शो में होस्ट के रूप में शामिल होने का अपना सपना बताया। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता को उम्मीद है कि भविष्य में यह किसी दिन हकीकत बन जाएगा।



# 'कमली' में कैट की बॉडी डबल हैं शक्ति मोहन?

**नई दिल्ली।** मशहूर डांसर और कोरियोग्राफर शक्ति मोहन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसमें वह फिल्म 'धूम 3' के कैटरीना कैफ के कमली गाने पर स्टंट करती हुई दिखाई दे रही थीं। कैटरीना कैफ ने इसमें स्टंट किए थे। शक्ति का ये वीडियो देखकर लोगों का कहना था कि शक्ति मोहन इस गाने में कैटरीना की बॉडी डबल हैं। उन्होंने ही गाने में कैटरीना की जगह सभी मुश्किल स्टंट किए हैं। अब शक्ति मोहन ने इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। वह सेट पर कोरियोग्राफर की सहायक थीं और वह खुद फ्लिप नहीं कर सकतीं। शक्ति मोहन ने एक बातचीत में इस वीडियो पर बात करते हुए कहा, 'हां मुझे पता है। ये रील मुझे बहुत लोगों ने भेजी है कि आप बॉडी डबल हो। मैंने सोचा, जरा सोचो कि मैं बॉडी डबल कैसे बनूंगी? मेरी स्किन का रंग देखो। उनका स्किन टोन देखो, उनकी हाइट देखो। मैं वैभवी को असिस्ट कर रही थी और लोग देख सकते हैं कि मैं मैम के साथ खड़ी हूं और वह डांस कर रही हैं।' उन्होंने कहा, 'मेरी एक पेरिस की दोस्त एमिली इसमें बॉडी डबल हैं। हालांकि, कई रूटीन बहुत चुनौतीपूर्ण थे। कैटरीना जोर दे रही थीं कि मैं यह करूंगी। वह पागलपन की हद तक काम कर रही थीं। उनके शरीर पर चोटे भी थीं।' उन्होंने कहा, 'फ्लिपिंग जैसी चीजें होती हैं और ऐसी चीजें जो कोई नहीं कर सकता। महीनों-महीनों की मेहनत के बाद भी आप ऐसा नहीं कर पाते, ये वो चीजें हैं, जो एमिली ने कीं।



# 'औरों में कहां ...' 2 अगस्त को होगी रिलीज





*__नई दिल्ली।__ अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'औरों में कहां दम था' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। पहले यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे खिसका दी गई है। पहले इसकी टक्कर निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'किल' से होने वाली थी। निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट साझा की है। रोमांटिक ड्रामा फिल्म अब 2 अगस्त को रिलीज होगी। अजय और तब्बू ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया और नई रिलीज डेट की घोषणा की। तस्वीर के साथ अजय ने लिखा, '2 अगस्त को इंतजार खत्म होगा। औरों में कहां दम था।' नीरज पांडे ने भी पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'प्यारे दोस्तों, हमारी रिलीज की नई तारीख है।' अजय देवगन और तब्बू के अलावा 'औरों में कहां दम था' में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म को शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक के पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है।*

# जब एक पार्टी में एक साथ दिखे अमिताभ जया और रेखा, घूमा कैमरा तो बदल गए तेवर

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की पार्टीज हमेशा ही लोगों का ध्यान खींचने वाली रही हैं। आज के दौर में पार्टीज की खबर आती है और पैपराजी मौके पर पहुंच जाती हैं। उसके बाद शुरू होता है फोटो पर फोटो खिंचाने का सिलसिला। आज की पार्टीज में सेलिब्रेटीज के कपड़े ज्यादा अट्रैक्शन का कारण बनते हैं। जबकि एक दौर ऐसा था जब पार्टी में आने वाले सेलिब्रिटी सुर्खियां बटोरते थे। खासतौर से अगर एक ही पार्टी में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा तीनों एक साथ हों तो सोचिए वो पार्टी कैसी होगी। नब्बे के दशक की ऐसी ही एक पार्टी का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें तीनों एक ही जगह कुछ इस अंदाज में दिखाई दिए।*

### फिल्म फेयर की पार्टी

स्टार रेट्रो 2 नाम के इंस्टाग्राम चैनल ने ये वीडियो शेयर किया है। जिसके कैप्शन के मुताबिक ये साल 1991 में दी गई पार्टी है। जिसे ऑर्गेनाइज किया था फिल्म फेयर ने। उस दौर के तमाम सितारे इस पार्टी में बहुत ही खूबसूरत अंदाज में दिख रहे हैं। पूनम ढिल्लो और अमृता सिंह के चेहरे की ताजगी ही मूड को खुशनुमा करने के लिए काफी हैं।इसके अलावा अनु अग्रवाल, आमिर खान, अरूणा इरानी, गुलशन ग्रोवर, चिरंजीवी, जलाल आगा, जावेद जाफरी, गुलशन ग्रोवर, भाग्यश्री जैसे कई सितारे इस वीडियो में दिख रहे हैं।




### पार्टी का 'लव ट्रायंगल'

इस पार्टी का सबसे खास अट्रैक्शन हैं अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा. अपने अफेयर और फिर ब्रेकअप की खबरों के बाद अमिताभ बच्चन और रेखा कभी फिल्मी पर्दे पर साथ नजर नहीं आए। पब्लिक फंक्शन में भी दोनों एक दूसरे के आमने सामने आने से बचते रहे। लेकिन इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि तीनों एक ही पार्टी में मौजूद हैं।अमिताभ बच्चन सूट बूट में अपने एंग्री यंग मैन वाले स्वैग में दिख रहे हैं।तो, जया बच्चन रिच सूट में दिखाई दे रही हैं और रेखा अपनी ट्रेडमार्क बन चुकी गोल्डन साड़ी में खुले बालों के साथ पार्टी इंजॉय करते दिख रही हैं।

# देर रात सुनसान इलाके में अक्षय के साथ नाचते दिखे रणवीर सिंह...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार ने रणवीर सिंह को बर्थडे विश करते हुए सोशल मीडिया पर एक नगीना शेयर कर दिया। इसमें आप रणवीर और अक्षय कुमार का मस्त डांस देख सकते हैं। बॉलीवुड के सबसे एनर्जेटिक एक्टर और परफॉर्मर के नाम से मशहूर रणवीर सिंह ने 6 जुलाई को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर अक्षय कुमार ने अपने सूर्यवंशी कोस्टार को बधाई देते हुए एक अनसीन वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में रणवीर और अक्षय दोनों रात के अंधेरे में किसी बिल्डिंग या शायद किसी होटल के पावर प्लान वाले हिस्से में मस्ती से डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय कुमार के हाथ में मोबाइल है वो गाना प्ले करते हैं और रणवीर ने एक स्पीकर अपने कंधे पर उठा रखा है और दोनों नाचते हुए आगे बढ़ रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### धरमजयगढ़ लौटे हाथी ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के कोरबा रेंज में घूम रहे 10 हाथियों का झुंड वापस धरमजयगढ़ वन मंडल लौट गए हैं। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है लेकिन वन अमले को इसकी भनक नहीं लगी। दूसरी ओर अभी भी कुदमुरा रेंज में 13 हाथियों का झुंड घूम रहा है, इससे ग्रामीण भी डरे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी भोजन की तलाश में रात के समय निकलते हैं। इस वजह से भी डर बना रहता है। हाथी कभी भी चावल खाने मकान को तोड़ देते हैं। कटघोरा वन मंडल में भी 48 हाथी अलग-अलग झुंड में घूम रहे हैं। केंदई रेंज के कापा नवापारा में 15 हाथियों का झुंड है। हाथी अभी गांव के आसपास नहीं जा रहे हैं। अधिकांश समय जंगल में ही घूम रहे हैं। रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों की निगरानी के लिए टीम लगी हुई है, हाथी अभी शांत है।

### सड़क हादसों में कमी लाने ब्लैक स्पॉट में लगाए जा रहे रेडियम

**कोरबा।** नेशनल हाइवे 130बी पर लगातार हो रहे हादसों का अध्ययन करने के साथ प्रशासन यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर कुछ महीने पहले ब्लैक स्पाट को चिन्हित किया है। साथ ही उसे हटाने का काम किया। बारिश के मौसम में रात्रिकालीन आवाजाही के दौरान संभावित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर अब ट्रैफिक पुलिस ने रेडियम पट्टी लगाने का काम शुरू किया है। कटघोरा, पाली और उरगा मार्ग पर इस तरह का काम ट्रैफिक जवानों ने किया। खासतौर पर रात्रि के दौरान ऐसे क्षेत्र जहां पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है और वहां से आवाजाही व्यस्त है, ऐसे में तेज वर्षा की स्थिति में दृश्यता पर असर पड़ता है। इस चक्कर में हादसे होने की आशंका बनी रहती है। इसे ध्यान में रखने के साथ ट्रैफिक पुलिस अपनी ओर से काम कर रही है।

### हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण में हो रही परेशानी

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र में हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया जा रहा है, लेकिन राशन कार्ड वितरण करने पहुंचे कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है। वार्डवासियों ने राशनकार्ड का वितरण करने वाले कर्मियों पर शराब सेवन का आरोप लगाया है। लोगों ने इसका विरोध भी किया है। राशन कार्ड वितरण ने हितग्राहियों की परेशानी बढ़ा दी है। नया राशन कार्ड छपने के बाद शहरी क्षेत्र में इसका वितरण का काम नगर निगम को दिया गया है, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही वजह से हितग्राहियों को नया राशन कार्ड लेने में पसीना छूटने लगा है। विभिन्न जगहों पर नगर निगम ने राशन कार्ड वितरण की व्यवस्था की है, जहां हितग्राहियों को स्वयं से अपना राशन कार्ड ढूंढने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### रेलवे स्टेशन में अनारक्षित टिकट कांउटर को किया गया शिफ्ट

**कोरबा।** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट कार्यालय का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। इसके कारण अनारक्षित टिकट कार्यालय को अस्थाई रूप से आरक्षण कार्यालय में 6 जुलाई से स्थानांतरित करवाया गया है। आरक्षण कार्यालय कोरबा के काउंटर संख्या 5, 6 एवं 7 को अनारक्षित टिकट काउंटर में परिवर्तित किया गया है। बूकिंग कार्यालय का नवीनीकरण जो कि आगामी एक माह तक चल सकता है, तब तक अनारक्षित टिकटों को आरक्षण कार्यालय से ही जारी किया जाएगा। यात्रीगण कृपया अनारक्षित टिकट आरक्षण के उपरोक्त काउंटर से प्राप्त करें। इसके साथ ही अनारक्षित टिकट प्राप्त करने के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में दो एटीवीएम मशीन उपलब्ध है जिसमें टिकटें ली जा सकती हैं।

### आरक्षक ने गुम पर्स को दिलाया वापस

**कोरबा।** बीते दिनों ग्राम भादा कनकी निवासी अच्छे दास का पर्स एटीएम, वोटर आईडी कार्ड गुम हो गया था जिसके कारण अच्छे दास काफी परेशान था। यातायात विभाग में पदस्थ आरक्षक गजानंद यादव को अच्छे दास का पर्स सड़क पर गिरा मिला। जिसके बाद आरक्षक गजानंद ने अच्छे दास के आईडी के माध्यम से सम्पर्क कर उसे वापस कर दिया।

### गेट में फंसने से गाय की मौत

**कोरबा।** एनटीपीसी और इंदिरा नगर के मध्य एक बाउंड्रीवॉल में ग्रामीणों का आवागमन हेतु यू सेफ का छोटा गेट दिया गया है। जिसमे ग्रामीण व स्कूली बच्चे आना जाना करते हैं। इसी गेट से मवेशी भी आना जाना करते हैं। मवेशी कॉलोनी के अंदर न घुस सके उसके लिए एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा सिक्योरिटी गार्ड भी गेट पर तैनात किया गया है। बाबजूद मवेशी कॉलोनी के अंदर घुस जाते हैं जिसे सिक्योरिटी गार्ड द्वारा बाहर निकालने के लिए दौड़ाया जाता है। इसी गेट में बुधवार को सुबह एक गाय फंस गई और बाहर नहीं निकल सकी।

### सब स्टेशन के पास डंप कर दी राख, हो रही परेशानी

**कोरबा।** कोरबा से 5 किमी दूर भालूसटका गांव में सब स्टेशन के निर्माण के दौरान राखड़ का उपयोग करना विद्युत विभाग को काफी महंगा पड़ गया है। पिछले पांच दिनों से हुई लागातार बारिश के कारण सब स्टेशन राखड़ से पट गया। पिछले तीन दिनों से सब स्टेशन में मौजूद राख को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। भालूसटका गांव के पास बना सब स्टेशन है,जो पिछले पांच दिनों की बारिश में राखड़ से पट गया है। सब स्टेशन निर्माण के दौरान गहराई को भरने के लिए राखड़ का उपयोग किया गया था। मूसलाधार बारिश के कारण राख बाहर गया और पूरे सब स्टेशन में फैल गया। जेसीबी, ट्रक और ट्रेक्टर के माध्यम से राखड़ को निकालने का काम जारी है,लेकिन अब तब कार्य पूरा नहीं हो सका है। तीनों दिनों से राख को निकालने का काम किया जा रहा है,जो अब भी जारी है।

### स्काउट्स-गाइड्स व वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम

# एक वृक्ष मां के नाम थीम पर पौधरोपण



शपथ लेते कलेक्ट व अन्य।



उपस्थित स्काउट गाइड ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत स्काउट एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार भारत स्काउट एवं गाइड कोरिया एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप एक वृक्ष मां के नाम थीम के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरमा के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री लंगेह ने उपस्थित स्काउट गाइड एवं जनसमुदाय को पौधरोपण एवं उसकी देखभाल की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी व्यक्तियों से पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सीईओ श्री चतुर्वेदी ने ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से निपटने में पेड़ों की भूमिका पर प्रकाश डाले और पौधरोपण के महत्व को समझाया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेसरझरिया के प्रांगण में अतिथियों, जिला संघ के पदाधिकारियों एवं स्काउट गाइड के पदाधिकारियों द्वारा 30 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद लगभग 300 स्काउट गाइड, 25 स्काउटर गाइडर एवं वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर फॉरेस्ट बीट मुरमा में लगभग 5 हजार मिश्रित पौधों का रोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार कार्यक्रम का संचालन हुआ। जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला सचिव भारत स्काउट गाइड, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, विकासखंड सचिव, वनरक्षक, वनपाल, प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित रहे।

**खास बात**
- ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से पौधरोपण : सीईओ

## स्काउट-गाइड्स ने किया पौधरोपण



**चिरमिरी।** भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन दिवस पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग राज्य मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार 7 जुलाई को छग के सभी जिलों एवं विकासखंड़ में एक साथ वृहद पौधरोपण पर्यावरण सुरक्षा, संरक्षण को ध्यान में रख आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जिला एमसीबी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अजय मिश्रा के आदेशानुसार जिला स्तरीय वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन सहायक राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जगन्नाथ मंदिर चित्ताझोर पोड़ी के तलहटी में स्थित मुक्तांगन परिसर में काफी संख्या में स्काउट्स-गाइड्स तथा लीडर्स ने छायादार, फलदार पौधों का एक साथ रोपण किया। इस अवसर पर संतोष सिंह, पार्षद सुनील कुमार, चन्ना राव, प्रवासी गौड़, अब्दुल रशीद, राहुल सिंह, सुरेश प्रसाद, श्याम देशपांडे, किशोर ओझा एवं मोहम्मद सैफ ने एक-एक पेड़ लगाकर एवं सभी पौधों के रक्षा करने का आश्वासन देते हुए प्रकृति के प्रति अपने दायित्व को निभया। बंजर धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार के गगनभेदी नारँ के साथ प्रकृति प्रेमी होते हैं। नियम परिपालन करते हुए सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड सरगुजा संभाग श्रीमती जेरमिना एक्का, दान बहादुर सिंह, जिला संगठन आयुक्त स्काउट सोनम कश्यप एवं गाइड, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शांतनु कुर्रे, स्काउट मास्टर के प्रफुल्ल रेड्डी, जीवन राम टोप्पो, वंशगोपाल, संतोष यादव, कमलेश कुमार, गाइड कैप्टन अंजू महंत, एग्नेश आनंद दास, ममता, दीपा मरावी तथा स्काउट गाइड्स ने आम ,अमरूद, कटहल, अशोक, आंवला, बेल, करंज, पीपल, इमली, जामुन, गुलमोहर के पौधों को व्यवस्थित रूप से रोपित किए। इस वृहद पौधरोपण कार्यक्रम की सफलता में नगर निगम चिरमिरी तथा नर्सरी लाई का सहयोग प्राप्त हुआ।

# मानसून में रखें अपने स्वास्थ्य का ध्यान

**बैकुण्ठपुर।** पूरे जिले में बारिश का आनंद उठाने के लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं किसान भाई-बहन खेती-किसानी के कार्यों में जुट गए हैं, इसके इतर मानसून आगमन के साथ स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना आवश्यक है।

विदित हो कि बरसात के समय मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। बरसात के मौसम में लोगों को होने वाली बीमारियां हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकती है। समस्या की गंभीरता भी अलग-अलग होती है। मानसून के समय स्वास्थ्य समस्याएं जटिल बन सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि मानसून के मौसम में बैक्टीरिया, वायरस और संक्रमण के संपर्क में आने की संभावना दोगुनी हो जाती है। उमस भरा और आर्द्र मौसम न केवल कीटाणुओं के पनपन के लिए आदर्श है, बल्कि मच्छरों के लिए प्रजनन बनाने में भी मदद करता है।

बरसात के मौसम में होने वाली सबसे आम बीमारियां कुछ इस प्रकार हैं। डेंगू मादा एडीज मच्छरों द्वारा फैलने वाला डेंगू तेज बुखार, अत्यधिक सिरदर्द और शरीर में दर्द, मतली, उल्टी, निम्न रक्तचाप और थकान के साथ आ सकता है। गंभीर मामलों में डेंगू के दौरान व्यक्ति के प्लेटलेट काउंट में गिरावट आ सकती है, जो काफी जोखिम भरा हो सकता है। चिकनगुनिया मच्छर जनित मानसून रोगों में से एक चिकनगुनिया के कारण रोगी को तेज बुखार जोड़ों में दर्द, शरीर में ठंड लगना और शरीर में भयंकर दर्द होता है। आंत्र ज्वर टायफाइड बरसात के मौसम में होने वाली सबसे संक्रामक बीमारियों में से एक है। टायफाइड के मुख्य कारण गंदे या दूषित भोजन या पानी को माना जाता है। बुखार, गले में खराश और कंजेशन टायफाइड के कुछ सामान्य लक्षण है। मलेरिया भी मच्छरों से फैलने वाला रोग है जो तेज बुखार, अत्यधिक पसीना शरीर में ठंड लगना और कुछ मामलों में एनीमिया भी पैदा कर सकता है। पाचन तंत्र मानसून के दौरान गंदे पानी की आपूर्ति से अक्सर पेट में संक्रमण हो जाता है। डायरिया और पेचिश, जो बरसात के मौसम में अधिक आम हैं, पेट दर्द, मतली और दस्त का कारण बन सकते हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि बरसात के मौसम में बहुत लोग त्वचा संबंधी एलर्जी से पीड़ति होते हैं, खासकर अगर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो। मानसून में एलर्जी, चकत्ते और फंगस संक्रमण अधिक आम हो जाते हैं, ऐसे में इन बीमारियों से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना, ताजा व पौष्टिक आहार का सेवन करना, घर को मानसून के लिए तैयार रखें, ठीक ढंग के कपड़े पहनें ताकि कीट एवं मच्छरों से बचाव हो सके। भीड़ से बचना चाहिए।

अपने चिकित्सक से परामर्श करें और यदि आवश्यक हो तो विटामिन की खुराक लें। घर में मच्छर भगाने वाली क्रीम रखें। दीवारों और छतों में सभी लीक और दरारों की जांच करें। नमी घर के अंदर फंगस और मोल्ड जैसी कई समस्याएं ला सकती हैं। एक उपयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना में निवेश भी कर सकते हैं, ताकि किसी चिकित्सा उपचार की आवश्यकता हो तो अपनी बचत से रूपए खर्च करना न पड़े।

- बीमारियों से स्वयं व परिवार को बचाने का उपाय



कार्यक्रम शामिल लोग।

## बरूण ने किया बैकुंठपुर का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विधानसभा परिसर स्थित ऑडिटोरियम में नेहरू युवा केन्द्र और यूनिसेफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर के चयनित 16 युवाओं में बरूण का चुनाव कोरिया से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, छग वनमंत्री केदार कश्यप, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, यूनिसेफ प्रमुख (छग एवं ओडिशा) विलियम हानलो जूनियर, यूनिसेफ से ही अभिषेक, श्वेता नेहरु युवा केन्द्र के राज्य निर्देशक श्रीकांत पांडे की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में छग के युवाओं ने विधानसभा के तर्ज पर एक सत्र आयोजित किया। इसमे उन्होंने छग के विभिन्न मुद्दे रखे और पक्ष-विपक्ष की भूमिका निभाते हुए एक-दूसरे को कटाक्ष किए। बरूण मिश्रा ने कोरिया का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले की भौगौलिक स्थिति बताते हुए क्षेत्र में चल रहे कोयला खदानों से पर्यावरण को क्या प्रभाव पड़ रहा है, इस पर अपनी बात रखी। खदान के अंदर कोयला श्रमिकों के लिए कैसे वायु की गुणवत्ता अच्छी की जा सकती है, इस पर अपनी राय रखी।

### शराब दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** बरबसपुर स्थित देशी शराब दुकान में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपयों के पास से 28 पाव देशी शराब व 20 पाव मशाला शराब जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त दर्री गेवरा श्रीमती दीपमाला नागदेव उम्र 33 वर्ष पति आकाश लक्षवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 जुलाई की रात्री में अज्ञात आरोपियों के द्वारा बरमपुर स्थित देशी मंदिरा दुकान के पीछे दीवार को सेंधमार कर अंदर घुसकर 96 नग देशी प्लेन शराब एवं 96 नग मशाला शराब एवं चिल्हर रूपये को चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला में अपराध क्र. 238/24, धारा 331 (4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियो की पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान पुलिस ने आरोपी बरमपुर स्कूल पारा निवासी समीर खान उम्र 23 वर्ष पिता अलाउद्दीन एवं सर्वमंगला मंदिर के पास निवासी मोख जिबराईल उर्फ डब्बू उम्र 22 वर्ष पिता भोख जीरू को गिरफ्तार किया है।

# इस वर्ष फिर स्वामी आत्मानंद कॉलेज में बायो के छात्रों को नहीं मिलेगा प्रवेश

## बायो लेकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के समक्ष भटकने की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

**खास बातें**
- जिला प्रशासन के पत्र भी उच्च शिक्षा विभाग ने नहीं लिया संज्ञान
- इस वर्ष भी छात्रों को निराशा लगी हाथ



सरकारी स्कूलों में अग्रेसी की शिक्षा देने के लिए पूर्व सरकार के समय शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से बायो विषय में 12वीं पास करने वाले छात्रों को इस वर्ष भी इंग्लिश मीडियम कॉलेज में प्रवेश नहीं मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा पत्र लिखे जाने के बावजूद उच्च शिक्षा विभाग ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज में बीएससी स्नातक में बायो विषय की शुरूआत नहीं की है।

जिले में एक मात्र इंग्लिश मीडियम कॉलेज स्वामी आत्मानंद कॉलेज के नाम से बीएससी, बीकॉम एवं बीए की स्नातक स्तर की कक्षाएं अंग्रेजी माध्यम से संचालित की जा रही है। बीते वर्ष ही कॉलेज की शुरूआत हुई है, जब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज की शुरूआत हुई तब स्वामी आत्मानंद स्कूल से बायो विषय से 12वीं पास करने वाले छात्रों को पूरी उम्मीद थी कि उन्हें इंग्लिश मीडियम कॉलेज में प्रवेश मिलेगा, किंतु उनकी उम्मीद पिछले वर्ष ही पूरी नहीं हो सकी।

उच्च शिक्षाव विभाग के द्वारा इंग्लिश मीडियम कॉलेज में जिन कक्षाओं को शुरू करने की अनुमति दी है उनमें बीए, बीकॉम के अलावा बीएससी मैथ्स की कक्षाएं शामिल है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से मैथ्स में 12वीं पास करने वाले छात्र-छात्राओं को इंग्लिश मीडियम कॉलेज में प्रवेश तो मिल गया, लेकिन बायो से 12वीं पास करने वाले छात्रों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। समाचार पत्रों में इस संबंध में खबर प्रकाशन होने के बाद तत्कालीन कलेक्टर संजीव कुमार झा ने इस पर संज्ञान लेते हुए उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर इंग्लिश मीडियम कॉलेज में बीएससी बायो की कक्षाएं शुरू करने की बात कही थी, किंतु एक वर्ष बाद भी जिला प्रशासन के द्वारा भेजे गए पत्र पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संज्ञान नहीं लिए जाने के कारण इस वर्ष भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज में बीएससी बायो की कक्षाएं शुरू नहीं हो सकेंगी।

## अलग अलग घटना में दो की मौत

**कोरबा।** बांगो क्षेत्र में दो लोगों की अलग अलग घटना में मौत हो गई। इनमें से एक सडक़ हादसे का शिकार हुआ और दूसरे को सांप के काटने से हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। सुदन सिंह बिंझवार (56 वर्ष) की सडक़ हादसे में मौत हो गई। उसे मुख्यमार्ग बांगो कन्या छात्रावास के सामने अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इसी तरह अर्जुन धनुहार (17 वर्ष) की मौत सर्प के कांटने से हो गई। बताया जा रहा है कि चुनाभट्टी लेपरा में सुबह 4 बजे मृतक अपने कमरे में सो रहा था। इसी दौरान विषैले सर्प ने उसे काट लिया था। किशोर की चीख सुनकर परिजन हरकत में आए। कुछ घंटे बाद उसे अस्पताल भिजवाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

### अस्पताल से युवक लापता

**कोरबा।** जिले का एक युवक रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर पचपेड़ी नाका से बिना बताए कहीं लापता हो गया है। पिता ने उसके गुम होने की सूचना दर्ज करा दी है। लापता युवक रिदीप गांगुली पिता सुदीप गांगुली एमआईजी 99 आरपी नगर फेस-2 कोरबा में निवासरत हैं। लापता युवक रिदीप के पिता सुदीप गांगुली ने बताया कि रिदीप को न्यूरो संबंधी बीमारी थी जिसका रूटीन चेकअप के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में 5 जुलाई को लेकर गए हुए थे।

## 3 चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सक्ती।** चोरी की 3 बाइक के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के हटरी रोड वार्ड नंबर 7 निवासी प्रार्थी सुमित अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल उम्र 41 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 मई की रात्रि 11 बजे अपने दुकान के सामने अपनी हीरो डीस्टिनी स्कूटी क्रमांक सीजी-11 एटी 1586 को खड़ी कर सो गया था। इसी दौरान 14 मई की सुबह 9 बजे देखा तो मेरी स्कूटी खडी किये जगही पर नहीं था। अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो देखा कि वाहन चालक जितेन्द्र साहू पिता दिलचंद साहू निवासी सकरेली कला के द्वारा 14 मई को अपने एक दोस्त के साथ बाइक से आए और स्कूटी को चुराकर ले गए। स्कूटी क्रमांक सीजी 11 एटी 1586 की कीमती लगभग 20 हजार रूपये की है। सायबर की टीम के द्वारा आरोपी जितेंद्र साहू पिता दिलचंद साहू उम्र 35 साल निवासी सकरेलीकला थाना सक्ती से पूछताछ करने पर अपने दोस्त मोहन शर्मा के साथ स्कूटी को चोरी कर मोहन शर्मा के पास रखना बताया गया। आरोपी मोहन मोहन शर्मा पिता स्व. गोपाल शर्मा ने 2 बाइक व 1 स्कूटी को चोरी करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से 2 बाइक व 1 स्कूटी वाहन जप्त किया गया। प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश तिवारी, रामकुमार रात्रे, संजीव शर्मा, अमित सिंह, प्रधान प्रेमनारायण राठौर, राकेश राठौर, फारूख खान, अलेक्स मिंज, खगेश राठौर व अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

### बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

# बेलाकछार में लचर विद्युत व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





फाइल फोटो


कोरबा ब्लॉक के ग्राम दोंदरो-बेलाकछार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण हलाकान हैं। यही वजह है कि आक्रोशित ग्रामीणों ने वितरण कंपनी की ओर से उचित कार्यवाही नहीं होने पर इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

पूर्व में ग्राम बेलाकछार-संगमनगर का बिजली पाड़ीमार जोन से सप्लाई किया जाता था। मगर दर्री सबस्टेशन में स्थान्तरण करने के बाद से समस्या और गंभीर हो गई है। उक्त समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया है। जिसमे मुख्यमंत्री द्वारा समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिवस की भीतर मांगे पूर्ण नहीं होती तो वे जिला मुख्यालय में घेराव करने हेतु बाध्य होंगे। जनपद सदस्य कौशल पटेल व ग्रामीणों की मांग है की पूर्व मैं बिजली की आपूर्ति पाड़ीमार जॉन से की जाती थी दरी जॉन में स्थानांतरण होने के बाद समस्याएं काफी बढ़ गई है जिसे पुनः पड़ीमार जोन में किया जाए बिजली की समस्या को लेकर बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं वरिष्ठ अधिकारियों समेत कलेक्टर जन चौपाल में भी कई बार उक्त मामले की शिकायत की जा चुकी है परंतु आज पर्यंत तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। श्रम उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने भी उक्त समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता के नाम पत्र लिखते हुए ग्राम बेलाकछार,संगम नगर आदि की बिजली को पाडीमार जोन में जोडऩे एवं ट्रांसफॉर्मर लगवाने की बात कही थी, मगर मंत्री के उक्त पत्र का भी असर देखने को नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे ग्राम में बिजली के तार जमीन से काफी कम ऊंचाइयों में है जिसे आसानी से हाथ से छुआ जा सकता है। जिसकी शिकायत विद्युत विभाग से कई बार की जा चुकी है परंतु इस पर भी विद्युत विभाग उदासीन है। उन्होंने बताया कि बिजली तार की चपेट में आने से बीते वर्ष एक महिला की मृत्यु हो गई थी इसके साथ ही कई मवेशी भी इसकी चपेट में आते रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली बंद होने पर एवं शिकायतों के लिए जब बिजली विभाग के कर्मचारियों से फोन किया जाता है, तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। इसके साथ ही अधिकांश समय उनके फोन बंद रहते हैं।

## नगर पंचायत छुरी कला में पीआईसी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



नगर पालिका परिषद छुरीकला के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पीआईसी का गठन किया गया है। जिसमें पार्षद हीरानंद पंजवानी को विधि तथा सामान्य प्रशासन, राकेश प्रताप सिंह को राजस्व तथा बाजार विभाग, श्रीमती नीरादेवी चेलकर को शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण विभाग, श्रीमती मधुराज कुमार अग्रवाल खाद्य नागरिक आपूर्ति स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, हीरालाल यादव आवास पर्यावरण लोक निर्माण एवं जल कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।